THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH) : (a) to (c). No, Sir. Because of low tourist potential of Chotanagpur and Santhal Parganas, in comparsion to other places in Bihar, as also due to limited resources, it will not be possible for the Government of India to develop that area during the Fourth Five Year plan.

**Naxalites' activities in Andhra Pradesh**

2747. SHRI ONKAR SINGH :
SHRI KANWAR LAL GUPTA :
SHRI RAM SINGH AYARWAL :
SHRI SHARDA NAND :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a high powered State level Commitee headed by the Chief Secretary of Andhra Pradesh has probed into the activities of Naxalitics in that State ;

(b) whether it is a also a fact that Shri V. Satyanarayana is reported to have collected 600 strong army of tribals and they are getting assis'ance from West Bengal ;

(c) whether it is also a fact that Central Government have also made enquiries into the matter ; and

(d) what is the assessment of the State Government and that of the Centre and the action taken to check their activities ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) Yes, Sir.

(b) The Government of Andhra Pradesh do not have information regarding the exact strength of the followers of Shri V. Satyanarayana or about any material assistance having been received by them from the extremists in West Bengal. The Government of West Bengal also do not have information of any such assistance having been sent from West Bengal.

(c) While no formal inquiry has been conducted, the Central Government have been in constant touch with the developments arising out of the activities of extremists in Andhra Pradesh.

(d) According to information received from the State Government the extremists have been active in Srikakulam, Khammam, Karimnagar and Warangal districts, while some sporadic incidents have also come to notice in Guntur, Nalgonda Vishakhapatnam districts. The agency areas of Parvathipuram, Palakonda and Pathepatnam taluks in Srikakulam district have been declared disturbed areas under the Andhra Pradesh Suppression of Disturbances Act, 1948. Strong contingents of Andhra Pradesh Special Police and Central Reserve Police have been deployed in the area for dealing with violent activities of the extremists. The State Government is also taking necessary steps to co-ordinate action with the neighbouring States.

**ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा निशुल्क वितरण हेतु वस्तुओं का धर्म परिवर्तन के लिए दुरुपयोग**

2748. श्री ओम प्रकाश त्यागी :
श्री भा० सुन्दर लाल :
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री प० मु० सईद :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ऐसे समाचार प्राप्त हुए हैं कि भारत में विदेशी ईसाई धर्मप्रचारक अमरीका तथा अन्य देशों से राहत कार्य के लिये निशुल्क वितरण हेतु प्राप्त हुई वस्तुओं का धर्म परिवर्तन करने के लिए दुरुपयोग करते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार भविष्य में वस्तुओं का वितरण अपने संगठनों अथवा सामाजिक संस्थाओं द्वारा करने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री विद्याचरण शुक्ल ) : (क) कुछ विदेशी ईसाई धर्म प्रचारकों के सम्बन्ध में कुछ इस प्रकार के समाचार प्राप्त हुए हैं ।

(ख) और (ग). विदेशी ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा विदेशों में संस्था। व्यक्तियों के साथ निजी तौर पर किये गए प्रबन्धों के अधीन प्राप्त भेंट की वस्तुओं का वितरण अपने हाथ में ले लेना सम्भव नहीं है। जहां तक विदेशी सरकारों के साथ समझौतों के अन्तर्गत प्राप्त भेंट की वस्तुओं का संबंध है, स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जब आवश्यकता समझी जाएगी सरकार उचित कार्यवाही करेगी।

### "भारत सुन्दरी" का चुनाव

2749. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**श्री झा० सुन्दरलाल :**
**श्री रामस्वरुप विद्यार्थी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री प० मु० सईद :**
**श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार समझती है कि भारत सुन्दरी का चुनाव, जिसमें स्त्री के प्रत्येक अंग के लिए अंक नियत किये जाते हैं, जैसा कि आनन्दवादी पश्चिमी देशों में सौन्दर्य प्रतियोगिता के लिए किया जाता है, भारतीय संस्कृति तथा परम्पराओं के अनुरूप है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार भारत में सौंदर्य प्रतियोगिता पर प्रतिबन्ध लगाने का है ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) और (ख). सरकार को इसकी कोई सूचना नहीं है कि ऐसे अंक किस प्रकार दिए जाते हैं।

(ग) और (घ). आशा की जाती है कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजक ऐसे मामलों में प्रचलित मान और मर्यादा को ध्यान में रखेंगे। जहां ऐसी प्रतियोगिताओं में किसी विद्यमान कानून के उपबन्धों का उल्लंघन होना है तो वहां राज्य सरकारें उचित ध्यान देगी।

### भारत की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटक

2750. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**श्री झा० सुन्दर लाल :**
**श्री प० मु० सईद :**
**श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**

क्या **पर्यटन** तथा **असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967-68 में भारत की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों का अनुपात अथवा प्रतिशत सारे संसार के पर्यटकों की कुल संख्या की तुलना में कितना है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान दूसरे देशों की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या तथा प्रतिशत क्या है ; और

(ग) अधिक संख्या में विदेशी पर्यटकों को भारत की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**पर्यटन तथा असैनिकउड्डयन मंत्री ( डा० कर्ण सिंह )** : (क) और (ख).

| | | 1967 | 1968 |
|---|---|---|---|
| (i) | विश्व में पर्यटकों की कुल संख्या | 1370 लाख | 1410 लाख |
| (ii) | भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या | 179,565 | 188,820 |